प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।
- दौसा मनोहरपुर हाइवे पर आज तडके एक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मृत्यु।
- प्रदेश में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव गतिविधियों का आज से सघन निरीक्षण किया जायेगा।
- राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने तथा वैश्विक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मज़बूत पारिस्थितिकी तंत्र बन रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंज़ूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय से विनिर्माण क्षमता में बढोतरी होगी। साथ ही उच्च कौशल आधारित रोज़गार सृजित होंगे। भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरेगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल चार हज़ार 5 सौ 94 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से चार नई सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी थी। मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रोनिक क्षेत्र के लिए मजबूत तंत्र तैयार कर रही है।

.....

0000

दौसा मनोहरपुर हाइवे पर बासडी चौराहे के पास आज तडके एक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में 11 अन्य घायल हो गए। इनमे से 8 गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है। हादसे में 10 लोगों ने मौके पर ही दम तोडा जबकि एक महिला की जयपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हुई। मृतकों में 7 बच्चे और चार महिलाएं शामिल है। ये दुर्घटना एक पिकअप के ट्रेलर से टकराने से हुई। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक सागर राणा मौके पर पंहुचे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिकअप में सवार ये सभी लोग खाटू श्याम जी के दर्शन कर उत्तर प्रदेश के एटा जा रहे थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों के जल्द और समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए है।

0000

सांप्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत ने 25 साल पहले टोंक के मालपुरा में हुए सांप्रदायिक दंगे में दोहरे हत्याकांड के 13 आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। पीठासीन अधिकारी श्वेता गुप्ता ने इन्हें बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों पर जुर्म प्रमाणित नहीं कर पाया है। गौरतलब है कि 22 आरोपियों में से 8 आरोपियों को हाईकोर्ट पहले ही बरी कर चुका है। वहीं एक अन्य को नाबालिग मानते हुए उसके प्रकरण को बाल अदालत में भेजा गया।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल जयपुर में स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित किया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अपने प्रयासों से सफाई में नगर निगम ग्रेटर 173 से 16 वें स्थान पर आ गया है। यह उपलब्धि बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में विकास के अवसर मिलते हैं। स्वच्छता कार्मिकों को अपने बच्चों को ऊंची से ऊंची शिक्षा दिलवाने के प्रयास करने चाहिए।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बजट घोषणाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में उन्होंने अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के कामों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को निर्बाध और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतने को कहा। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

0000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव गतिविधियों का आज से सघन निरीक्षण किया जायेगा। इसके लिए राज्य स्तरीय प्रभारी अधिकारियों की टीम सभी जिलों में पंहुच रही है। 15 अगस्त तक होने वाले इस निरीक्षण में ये टीमें जिलों में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर रिपोर्ट पेश करेंगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल जयपुर में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम के आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में इस बारे में निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को हर जिले में दवाओं और मानव संसाधन की उपलब्धता, उपकरणों की क्रियाशीलता, चिकित्सा संस्थानों के भवनों की स्थिति और साफ–सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स की गहन जांच करने को कहा। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों से भी फीडबैक लेने के निर्देश दिए है। श्री खींवसर ने मौसमी बीमारियों के ज्यादा मामले वाले स्थानों पर बचाव और रोकथाम गतिविधियों पर विशेष फोकस करने को कहा है।

0000

राज्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे है। जगह–जगह तिरंगा रैलियां निकाली जा रही है, जिनमें लोग बढ चढकर भाग ले रहे है। आज भीलवाडा में जिला प्रशासन की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। भरतपुर में मोटरसाईकल रैली होगी इसमें करीब 151 फीट लम्बा तिरंगा आकर्षण का केन्द्र रहेगा। पाली के रानी में तिरंगे की टीशर्ट डिजाइन की गई है। हनुमानगढ के टाउन कस्बे में कल तिरंगा मेला लगाया गया। अलवर में कंपनी बाग में हर घर तिरंगा कोंसर्ट आयोजित किया गया, जिसमें कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। अजमेर में आना सागर चौपाटी पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता मेला लगाया गया है। मेले का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर कल पशुपालन विभाग की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिला कलेक्टर कानाराम ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

....

0000

प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तीर्थ यात्रियों के लिए देवस्थान विभाग की ओर से सुविधाओं को बढाया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से पहले से चलायी जा रही धर्मशालाओं में सुधार किया जोयगा। नई धर्मशालाएं भी बनायी जायेगी। कल जयपुर में हुई विभाग की बैठक में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने ये निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के मंदिरों के मरम्मत कार्यों के लिए इसी महीने डीपीआर बनाने को कहा। बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2025 की लॉटरी भी इसी महीने निकालने का फैसला किया गया। श्री कुमावत ने बताया कि इस बार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 10 अगस्त तक कुल एक लाख 84 हजार से अधिक वरिष्ठजन ने आवेदन किए हैं।

0000

गृह मंत्रालय ने विदेश में रहनेवाले भारतीय नागरिकों के ओसीआई कार्ड से संबंधित नियम कड़े कर दिये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को दो वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा सुनाई जाती है, या उसके खिलाफ सात वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा वाले अपराध के लिए आरोप–पत्र दायर किया जाता है तो उसका ओसीआई पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

0000